कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.12.2022

// रिपोर्ट //

गर्ल्स कॉलेज में
अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर संगोष्ठी

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समाज में दिव्यांगजनों को समान्य एवं बराबरी का दर्जा प्रदान करने के लिये प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज में समुचित एवं बराबरी का अधिकार प्रदान करना है। इसके माध्यम से नागरिकों को दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके जीवन–स्तर को बेहतर बनाने के लिये सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाता है। दिव्यांगजनों के अक्षमता के मुद्दे पर नागरिकों का ध्यान खींचने एवं इनके द्वारा प्रतिदिन के जीवन में सहन की जा रही कठिनाईयों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिये यह दिवस महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होनें बताया कि इन विशेष जनों के लिए महाविद्यालय में विशेष सुविधाएँ उपलब्ध है साथ ही महाविद्यालय परिवार के इन विशेष जनों ने अपने कार्यों से विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्तमान में यहाँ से उत्तीर्ण दिव्यांग छात्रायें समाज में अपनी सेवायें दे रही हैं और महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रही है।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि इस वर्ष की थीम ''समावेशी विकास हेतु परिवर्तनकारी समाधान'' है जिसके माध्यम से अन्वेषण के उपयोग द्वारा दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हम सभी का नैतिक एवं मानवीय दायित्व बनता है कि अपने आसपास के सभी दिव्यांगजनों की सहायता करें एवं उनके साथ उचित एवं गिरमापूर्ण व्यवहार प्रदर्शित करें।

इस दिवस के माध्यम से दिव्यांगजनों की असाधारण क्षमता की ओर भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाता है, इस तारतम्य में महाविद्यालय की छात्रा कु. मानसी चंदेल (बी.ए.–द्वितीय वर्ष) एवं महाविद्यालय में कार्यरत श्री ललित कुमार देवांगन एवं श्री कमलेश साहू को उनकी उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुजा चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लता मेश्राम ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

<u>गर्ल्स कॉलेज में</u>

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर संगोष्ठी